हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 34 .4 डिग्री
न्यूनतम 12 .8 डिग्री

12 हाईकोर्ट की जस्टिस ने अदालतों का किया मुआयना



12 ब्रह्माकुमारीज की ओर से करवाई मेडिटेशन



## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 15 मार्च से

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के प्राचीन महाभारतकालीन तीर्थ भीष्म कुण्ड बाण गंगा मन्दिर गांव नरकातारी में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन मन्दिर के महंत जय नारायण दास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। महाराजजी ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 15 मार्च से 22 मार्च तक चलेगी। 15 मार्च को प्रातः 10 बजे कलश शोभायात्रा का आयोजन होगा और दोपहर 3 बजे कथा प्रारंभ होगी, सांय 6 बजे आरती होगी। 22 मार्च को कथा समापन हवन के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### दो पिस्तौल सहित युवक को काबू कर जेल भेजा

**अंबाला।** थाना पडाव में दर्ज दो अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद के मामले में पुलिस ने एक अन्य आरोपी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया था कि उन्होंने यह हथियार सोनू कुमार से खरीदे थे। 16 अक्तूबर 2024 को सीआईए-1 ने दुखेडी मोड जीटी रोड फ्लाइओवर के नीचे खड़े दो युवकों को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उनसे दो देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद बरामद किए थे। आरोपियो की पहचान मनिंद्र सिंह व यादविंद्र के रूप में हुई थी। तब आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### हत्या के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अमन व कार्तिक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अब पुलिस ने पांच दिन के रिमांड पर लिया है। मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दीना की मंडी के रहने वाले अमन कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी आदित्य उर्फ सौरभ, अमित उर्फ नेपाली व अन्य ने उसे जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग करने का आपराधिक कार्य किया है।

### युवक को चाकू मारकर घायल किया, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में मोनू निवासी गौत्तम नगर, मॉडल टाउन को नशेड़ियों ने चाकू मार कर घायल कर दिया। मोनू ने हमलावरों को नशा करने से रोका था। वहीं, मोनू को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद मोनू को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल रेफर किया गया। इधर, मोनू की मां सावित्री की शिकायत पर थाना मॉडल टाउन पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सगे भाई को दरांती मारकर घायल किया

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखु निवासी रोहित का आरोप है कि उसे बडे भाई मोहित ने उस पर दरांती से हमला कर घायल कर दिया। रोहित का चिकित्सक से उपचार करवाया गया। इधर, रोहित की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने मोहित पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओवरलोड वाहन पर चार लाख जुर्माना लगाया

**पानीपत।** खनन विभाग में इनफार्मेसमेंट ब्यूरो की टीम ने बगैर बिल क्षमता से ज्यादा मंतीरयल ले कर जा रहे अवैध खनन का कार्य कर रहे एक गाड़ी संचालक को चेकिंग के दौरान गलत पाया गया व उसके पास गाड़ी में 30 क्विंटल अधिक भार मिला इस पर उस पर कार्रवाई करते हुए 4 लाख 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया व पार्टी ने उसकी गाड़ी को इंपाउंड कर दिया। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि जीटी रोड पर वाहनों की चेकिंग के दौरान कई वाहनों की जांच की गई। अवैध खनन का कार्य करने वालों को किसी भी तरह से बख्शा नहीं जाएगा।

---

### सरकार से दो-दो हाथ करने को फिर लामबंद हुए किसान, कृषि कानून को लेकर जताया विरोध

# भाकियू ने किया प्रदर्शन, घंटों तक लगा रहा जाम

## किसानों ने कृषि विपणन पॉलिसी की प्रतियां जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** कृषि विपणन नीति के विरोध में प्रदर्शन करते हुए भारतीय किसान यूनियन के सदस्य।

- किसान जान दे देंगे लेकिन काले कृषि कानूनों को लागू नहीं होने देंगे : रतनमान

कृषि विपणन पॉलिसी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने मंगलवार को प्रदेशभर के जिलों में प्रदर्शन किया। पॉलिसी को वापस लेने की मांग करते हुए किसानों ने इसकी प्रतियां जलाई और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए।

करनाल जिले में प्रदर्शन के दौरान घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सरकार को जमकर कोसा। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसान जान दे देंगे लेकिन काले कृषि कानूनों को लागू नहीं होने देंगे। सरकार पुराने तीनों काले कानूनों को फिर से किसानों पर थोपना चाहती है और यह कृषि विपणन पोलिसी उन्हीं तीनों कानूनों का प्रारूप है। यह काले कानून किसानों को बर्बाद करने वाले हैं। उन्होंने सरकार को सख्त लहजे में कहा कि सरकार तुरंत प्रभाव से इस पोलिसी को रद्द करने का काम करे अन्यथा सरकार को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

मंगलवार को जिलेभर से किसान गांधी चौक पर एकत्रित हुए जहां पर भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने किसानों को संबोधित किया। रोष मार्च निकालते हुए किसान गांधी चौक से जिला सचिवालय पहुंचे जहां पर किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। किसानों के रोष प्रदर्शन के चलते शहर में लंबा जाम लग गया और वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। रतनमान ने कहा कि सरकार नई पोलिसी लाना बंद करे।

### महापंचायत करेंगे

भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया तो किसानों के भारी आक्रोष का सामना करना पड़ेगा। किसान 20 मार्च को एकत्रित होंगे और कुरूक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर महापंचायत करेंगे जिसमें किसान एकजुटता के साथ आगामी निर्णय लेंगे।

## किसानों की मांगों पर विचार करे सरकार

- संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किया प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



**नारायणगढ़।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

**नारायणगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत, अखिल भारतीय किसान सभा, संयुक्त गन्ना किसान कमेटी तथा मजदूर संगठन सीआईटीयू के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा।

किसान यूनियन के राज्य युवा उपाध्यक्ष चमन गुज्जर, किसान सभा के नेता रमेश नन्हेड़ा व संयुक्त गन्ना किसान कमेटी के अध्यक्ष शिंगारा सिंह ने कहा कि मोदी की केंद्र सरकार ने स्वामीनाथन आयोग के सी2+50% फार्मूला पर एमएसपी की कानूनी गारंटी तथा किसानो व मजदूरों की कर्जा मुक्ति जैसी प्रमुख मांगे अभी तक लागू नहीं की हैं। इसी प्रकार प्रदेश सरकार से औलावृष्टि व अन्य कारणों से फसल खराबे का मुआवजा नहीं मिला है। ऊपर से सरकार बिजली के निजीकरण पर तेजी से आगे बढ़ते हुए स्मार्ट मीटर योजना लेकर आ गई है। इससे किसानों में भारी रोष है। प्रदेश सरकार आंदोलनरत संयुक्त किसान मोर्चा से बात भी नहीं कर रही है।

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय कृषि व्यापार नीति का प्रस्ताव राज्यों को भेजकर कृषि और किसानों पर फिर से हमला बोला है। इस प्रस्ताव के जरिए सरकार फिर से काले कृषि कानूनों को लागू करना चाहती है। इसलिए उनकी मांग है कि मुख्यमंत्री इस व्यापार नीति के मसौदा को प्रदेश में लागू न करने का प्रस्ताव विधानसभा के बजट सत्र में पास करें। सीआइटीयू नेता सतीश सेठी व किसान नेता निर्मल संधू ने कहा कि केंद्र सरकार के इस कृषि व्यापार नीति के मसौदा में कहीं पर भी एमएसपी की कानूनी गारंटी का कोई जिक्र नहीं है।

---

## ट्रैक्टर से उलझकर गिरा युवक पहिए के नीचे आने से हुई मौत

- दशमेश स्कूल कपालमोचन के पास हुआ हादसा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कस्बा व्यासपुर के दशमेश स्कूल कपालमोचन के पास देर शाम ट्रैक्टर से उलझकर गिरने से युवक की मौत हो गई। ट्रैक्टर का पहिया युवक के ऊपर से गुजर गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गांव जाजवा निवासी उस्मान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव पुरकाजी निवासी 33 वर्षीय मुरसलीन शाम साढ़े छह बजे ट्रैक्टर पर बैठकर व्यासपुर किसी काम से आ रहा था। टैक्टर को पंकज चला रहा था। जब वह दशमेश स्कूल कपालमोचन के पास पहुंचे तो चालक पंकज को ब्रेकर दिखाई नहीं दिए। जैसे ही ट्रैक्टर ब्रेकर पर चढ़ा तो मुरसलीन ट्रैक्टर से उलझकर नीचे गिर गया। ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### लापरवाही का आरोप

उसने आरोप लगाया कि पंकज की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## 170 ग्राम चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र पालिका विहार डेहा कॉलोनी के पास से नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक्स ने आरोपी बलराज उर्फ बल्ला को 170 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि शुभम भी इस मामले में संलिप्त है। एएनसी टीम ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम को भी गिरफ्तार किया।

दोनों आरोपियों को न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एंटी नारकोटिक सैल को सूचना मिली कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी वजह से पुलिस ने उसे काबू करने के लिए पालिका विहार के पास नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान ही उसे 170 ग्राम चरस के साथ काबू किया गया।

## ज्वेलरी शॉप पर हुई लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

- सिर पर पगड़ी पहनकर दुकान में घुसे से दो आरोपी
- हथियार के बल पर सोने की अंगूठी लूटकर हुए थे फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

कस्बा छछरौली में सिधी विनायक ज्वेलरी शॉप पर हुई लूट के चार आरोपियों को सीआईए टू पुलिस टीम ने देर शाम गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। घटना के समय दो आरोपी दुकान के बाहर रैकी कर रहे थे जबकि दो आरोपी सिर पर पगड़ी पहनकर दुकान में घुसे थे।

आरोपियों ने पिस्टलनुमा हथियार के बल से दुकान से सोने की अंगूठी लूटी थी। घटना के बाद बाइक स्टार्ट न होने पर आरोपी बाइक को वहीं पर छोड़कर भाग गए थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएसपी आशीष चौधरी ने बताया कि सीआईए टू पुलिस टीम के इंचार्ज राजकुमार को सूचना मिली थी कि थाना छप्पर क्षेत्र के अधोया मोड़ के पास चार युवक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। उप निरिक्षक ओम प्रकाश, एएसआई सुखदेव सिंह, एएसआई सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, संजीव संधु व दीपक कुमार की टीम गठित की गई। टीम ने अधोया मोड के पास से चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने ज्वैलरी शॉप पर हुई लूट की वारदात का खुलासा किया। आरोपियों की पहचान अंबाला के गांव उगाला निवासी युवराज, बराड़ा के प्रशांत उर्फ लक्की, गांव बलौली निवासी अनुराज सिंह उर्फ जौबन तथा विपिन कुमार के रूप में हुई।

### रिमांड पर लिए

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में प्रयोग किये गये हथियार, व्हीकल व लूटा गया सामान बरामद किया जायेगा। डीएसपी ने बताया कि आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड खगांला जा रहा है। आरोपी विपिन पर पहले भी अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने विपिन की बाइक व युवराज की एक्टिवा पर वारदात को अंजाम दिया था।

## सरकारी बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- 5 दिवसीय कार्य सप्ताह और सभी कैडर्स में पर्याप्त भर्ती आदि मांगों को लेकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




बैंक कर्मचारियों ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले 5 दिवसीय कार्य सप्ताह और भर्ती की मांग आदि को लेकर प्रदर्शन किया। कुरुक्षेत्र जिले के सभी सरकारी क्षेत्र के बैंकों के स्टाफ ने पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल ऑफिस के सामने जोरदार प्रदर्शन किया गया व बैकों के प्रति सरकारी की गलत नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की।

ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के ऑल इंडिया वाइस प्रेजिडेंट राय सिंह ने बताया कि बैंकर्स की विभिन्न मांगें इस प्रकार हैं, सभी कैडर्स में पर्याप्त भर्ती करना व सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किया जाना। बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह का कार्यान्वयन। परफॉर्मेंस समीक्षा और पी.एल.आई. पर डी.एफ.एस. के हालिया निदेर्शों को तत्काल वापस लिया जाए जो नौकरी की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच विभाजन और भेदभाव पैदा करते हैं, 8वें संयुक्त नोट का उल्लंघन करते हैं और पी.एस.बी. की स्वायत्तता को कमजोर करते हैं।

## लूट का विरोध करने पर डेयरी संचालक की हत्या

**पानीपत।** हरि सिंह कॉलोनी में 55 वर्षीय जल सिंह का शव उसके घर के साथ पशुबाड़े में पड़ा मिला। वह पशुओं की निगरानी के लिए पशुबाड़े में ही सोता था।

मंगलवार की सुबह पत्नी अतर कली जब पशुओं का दूध निकालने गई, तो उसने खून से लथपथ हालत में पति जल सिंह का शव पड़ा देखा। मृतक का मोबाइल फोन और पर्स भी गायब था। आशंका है कि लूटपाट के इरादे से ही जल सिंह की हत्या की गई है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने मृतक के पुत्र मनीष की शिकायत पर केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डेढ़ किलो गांजा समेत दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मुख्य आरोपी से रिमांड के जरिए पुलिस कर रही गहन पूछताछ
- दूसरे आरोपी को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा



**अंबाला।** गांजा समेत पकड़े गए आरोपी।

सीआईए शहजादपुर ने नशे की बड़ी खेप जब्त की है। जांच टीम ने थाना महेशनगर क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया के पास से विश्वकर्मा नगर के रहने वाले आरोपी मंगत राम को काबू किया है। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 किलो 554 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी मंगत ने बताया कि कड़ासन के कुलदीप भी इस मामले में संलिप्त है। टीम ने तुरंत आरोपी कुलदीप को भी गिरफ्तार किया है।

आरोपी कुलदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया व आरोपी मंगत को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-शहजादपुर को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह हीरो होंडा एजेंसी के पास मादक पदार्थ सहित खड़ा है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरंत इंडस्ट्रियल एरिया के पास खड़े संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 1 किलो 554 ग्राम गांजा बरामद किया।

### द्रोणाचार्य स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी

# नि:शुल्क मिलेंगी आधुनिक जिम की सुविधाएं

- खेल प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों ने सांसद जिंदल का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि द्रोणाचार्य स्टेडियम के हजारों खिलाड़ियों को अब आधुनिक जिम की निशुल्क सेवाएं मिल पाएगी। इस स्टेडियम के लिए सांसद नवीन जिंदल ने आधुनिक जिम की मशीनें उपलब्ध करवाई है।

इस जिम से स्टेडियम में रोजाना अभ्यास करने वाले 1 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों को फायदा मिलेगा। इस सुविधा के लिए खेल प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया है। यह जिम सांसद नवीन जिंदल के निजी प्रयासों से स्थापित की गई है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने मंगलवार को योग भवन में सांसद नवीन जिंदल की तरफ से भेजी गई आधुनिक जिम की मशीनों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने खिलाड़ियों की लम्बी मांग को पूरा करते हुए आधुनिक जिम द्रोणाचार्य स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध करवाई है। इस जिम को स्टेडियम में उचित स्थान पर लगाया जाएगा। इस जिम पर सांसद नवीन जिंदल की तरफ से करीब 5 लाख का बजट खर्च किया है।

इससे पहले भी सांसद नवीन जिंदल ने अपने पिछले कार्यकाल में लाखों रुपए की लागत से जिम उपलब्ध करवाई थी। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, साई के प्रभारी कुलदीप वडैच, सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह,, समाजसेवी विनोद गर्ग, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी अजित पाल सिंह, विनित कुमार, कमलकांत, नरेश कुमार सैनी सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे।

### 5 और जिम स्थापित

पिहोवा और थानेसर में करीब 20 लाख की लागत से

समाजसेवी विनोद गर्ग ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा और थानेसर के अलग-अलग जगहों पर 5 जिम उपलब्ध करवा दी है। इन 5 जिम पर करीब 20 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। यह जिम गांव बुहावा, शांतिनगर, सरस्वती खेडा कालोनी, अरूणाय, उमरी में स्थापित की जाएगी। इस जिम के लिए आधुनिक सामान उपलब्ध करवा दिया गया है।

## केयू के खिलाड़ियों ने जीता वॉलीबाल मैच



- लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी हिसार में वालीबाल टूनार्मेंट संपन्न

**कुरुक्षेत्र।** लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी हिसार में वालीबाल के अनौपचारिक टूनार्मेंट में लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी हिसार, हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार और केयूके यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। इसमें केयूके के खिलाड़ियों ने 2-1 से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लुवास यूनिवर्सिटी दूसरे और हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार तीसरे नंबर पर रही। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से गैर-शिक्षक कर्मचारियों में खिलाड़ी शमशेर चौहान, वीरेंद्र तंवर, सागर, सुशील यादव, दीपक थापा व अमीर खान ने भाग लिया।

**खबर संक्षेप**



## साड़ी रौनक तेरे नाल.. भजन पर झूमे श्रद्धालु

**यमुनानगर।** शहर के ससौरी मार्ग स्थित श्री ज्वाला माता मंदिर में धूमधाम से मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। इसमें आसपास क्षेत्र के साधु संतों ने भाग लिया। मौके पर भजन गायकों ने भजनों के माध्यम से श्री ज्वाला माता का गुणगान किया। मंदिर के स्थापना दिवस के शुभारंभ पर जैसे ही भजन गायकों ने साडी रौनक तेरे नाल भजन गाया तो श्रद्धालु झूम उठे। इस दौरान भजन गायकों द्वारा एक से एक बढ़ भजन गाकर श्री ज्वाला माता का गुणगान कर सभी श्रद्धालुओं को घंटो भक्तिरस में डूबाए रखा। मंदिर की संस्थापक पूज्य माता ने साध संगत को कहा कि मनुष्य को जीवन में अच्छे कर्म करते रहने चाहिए और अपना ज्यादा से ज्यादा समय प्रभु भक्ति में लगाना चाहिए।

## घर से हजारों रुपये का सामान चुरा ले गए चोर

**यमुनानगर।** बूडिया निवासी स्वाती गर्ग ने बताया कि चोरों ने आठ मार्च की रात को उनके घर का ताला तोड़कर सीसीटीवी कैमरे, एसी, पंखे, टंकी, कपड़े, गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन तथा रसोई का अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मांगे नहीं मानने पर सरकार को आंदोलन की चेतावनी

# किसान मोर्चा ने मांगों को लेकर सचिवालय के सामने किया प्रदर्शन

सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा अपना मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए एसकेएस के सदस्य।

संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने अपनी लंबित मांगो को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उनकी लंबित पड़ी मांगे पूरी किए जाने की मांग की।

मंगलवार सुबह संयुक्त किसान मोर्चा के सैंकड़ो सदस्य भाकियू(टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुभाष गुज्जर व अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्ष जरनैल सिंह सांगवान के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान किसानों ने काफी देर तक जिला सचिवालय के समक्ष जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारी जिला सचिवालय में पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर किसान नेता सुभाष गुज्जर व जरनैल सिंह सांगवान ने कहा कि उनकी पिछले लंबे समय से मांगे लंबित पड़ी हैं। मगर सरकार उनकी मांगे पूरी नहीं कर रही है।

### विस में प्रस्ताव पास कर वापस लें प्रस्ताव

उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगो में 25 नवंबर 2024 को जारी की गई कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क को हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर इसे वापस लिए जाने और इसे प्रदेश में लागू नहीं किए जाने, बिजली कानून और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द किए जाने, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश रिपोर्ट के अनुसार दो प्लस 50 प्रतिशत खरीद की कानूनी गारंटी दिए जाने, किसान आंदोलन और विभिन्न आंदोलनों के दौरान किसानों पर बनाए गए मुकदमों को रद्द किए जाने, पराली के नाम पर किसानों पर बनाए गए मुकदमों को भी रद्द किए जाने समेत अन्य मांगो को पूरा किया जाने की मांग की।

### रबि फसलों पर किसानों को दिया जाए बोनस

उन्होंने बताया कि इस साल रबी 2025 गेहूं की फसल सहित अन्य फसलों पर भी किसानों को बोनस दिया जाए। खरीद 2024 में सूखा राहत कोष से जिन किसानों को मदद नहीं मिली उन्हें राशि जारी की जाए। पिछले फसल खराबे के मुआवजे और लंबित बीमा क्लेम राशि को जारी किया जाए। सरसों की खरीद तुरंत की जाए और किसान व मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए। किसानों के लंबित पड़े ट्यूबवेल कनेक्शनों को तुरंत जारी किया जाए। सहकारी समितियां बनाकर किसानों के नए खाते खोलकर उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाए। प्रदेश की जलवायु संसाधनों के मद्देनजर किसान व मजदूर हितैषी वैकल्पिक कृषि नीति बनाई जाए।

मनरेगा का विस्तार हो और मजदूरों की दिहाड़ी भी बढ़ाई जाए। किसान और मजदूरों की 50 वर्ष की आयु के उपरांत उन्हें पेंशन की सुविधा प्रदान की जाए और उनकी बुढ़ापा पेंशन भी बढ़ाई जाए। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने सरकार से खेतों में घूम रहे बेसहारा पशुओं का निवारण भी किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने उनकी सभी मांगे जल्द पूरी नहीं किए जाने पर किसानों ने बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

**यह भी रखी मांग**

प्रदर्शनकारी किसानों ने मनरेगा को विस्तार कर मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ाने, 50 साल की उम्र के बाद किसानों व मजदूरों को पेंशन देने, बेसहारा पशुओं के प्रबंधन की व्यवस्था कर किसानों की फसलों को बचाने व सहकारी समितियों में नए खाते खोलकर किसानों को ऋण देने की मांग भी की।

# आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


**यमुनानगर।** प्रदर्शन के बाद सीडीपीओ को ज्ञापन सौंपते यूनियन के सदस्य।

आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन यमुनानगर के सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर मंगलवार को सीडीपीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार व विभाग के उच्चाधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सीडीपीओ चंद्रलेखा को अपना ज्ञापन सौंपा।

### सीडीपीओ कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

मंगलवार सुबह आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन के सदस्य सीडीपीओ कार्यालय के समक्ष पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सीडीपीओ चंद्रलेखा को सौंपे ज्ञापन में कहा कि उनकी लंबे समय से मांगे लंबित पड़ी हैं। मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मौके पर यूनियन की जिला प्रधान सुनीता ने कहा कि उन्होंने कुछ दिन पहले अपनी मांगो को लेकर हड़ताल की थी। इस हड़ताल के दौरान टर्मिनेट वर्कर हेल्पर का मानदेय रोका गया। उन्होंने कहा कि अन्य सभी जिलों में विभाग द्वारा आंगनवाड़ी वर्कर्स का वेतन डाल दिया गया है। मगर यमुनानगर जिला में अभी वेतन नहीं डाला गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार साजिश के तहत आंगनवाड़ी वर्कर्स में फूट डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स को कम रेंज के फोन देकर उन पर सरकारी काम का दबाव डाला जा रहा है। जिससे आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन की जिला प्रधान सुनीता ने कहा कि

सरकार को हमें अच्छे फोन दिए जाने चाहिएं। ताकि आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स अपने केंद्रों पर सुचारू रुप से काम कर सकें। उन्होंने सरकार से उनकी लंबित मांगो को भी जल्द पूरा किए जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगी। इस अवसर पर दयावती, किरण, आशा, पुष्पा, कौशल, पूजा व मीणा इत्यादि भी मौजूद रहे।

## गांव टिब्बी अराईयां की पंचायती जमीन से लाखों के पेड़ चोरी

■ पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ दर्ज किया केस

**यमुनानगर।** गांव टिब्बी अराईयां की पंचायती जमीन से लाखों रुपये के पेड़ काट कर चोरी कर लिए गए। आरोप गांव के ही राकिब व लियाकत पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार प्रतापनगर के बीडीपीओ अधिकारी सचेत मित्तल ने बताया कि गांव टिब्बी अराईयां की पंचायती जमीन पर पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि पंचायती जमीन से कुछ लोगों ने पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके का मुआयना किया। जांच करने पर पंचायती जमीन से पेड़ कटे मिले। जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपये है। पेड़ गांव के ही राकिब व लियाकत ने काटे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

निगम कार्यालय में हुई बैठक

# निगम कर्मियों ने मजदूर संघ के सामने रखीं अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

भारतीय मजदूर संघ की ओर से नगर निगम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निगम के कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मोहन लाल गोरी के समक्ष अपनी समस्याएँ रखी।मोहन लाल ने कहा कि सरकार जल्द कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करे। बैठक में स्वास्थ्य एवं राष्टीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष विजय कांबोज ने कर्मचारियों को 18 मार्च को भारतीय मजदूर संघ के राष्टव्यापी होने वाले प्रदर्शन में भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। विजय कम्बोज ने कहा कि निरंतर कर्मचारियों व मजदूरों के हितों का हनन हो रहा है। ईपीएफ की सीमा बढ़ाना, ईएसआई का लाभ सभी को देना, सेवा सुरक्षा देना, किसी भी कौशल कर्मचारी को न निकाला जाए। ऐसे अनेक विषयों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार जल्द बातचीत कर इन समस्याओं का समाधान करे।

मौके पर संजीव, माँगे राम, आशु, मीनाक्षी, रूबी, रणदीप, रजनीश, संजय कुमार आदि मौजूद थे।मंगलवार सुबह मीडिया से बात करते हुए यायरा गुटमैन, जिनकी बेटी तामार नोवा महोत्सव में मारी गई थी ने कहा कि जब परिवारों को सुरक्षा बलों ने रोका, तो वे उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे थे कि उनके पास अनुमति है। हम सफल नहीं हुए। फिर बाकी माता-पिता आए और एक ने कहा कि आओ, चलो अंदर जाएं, और हां, हम ने धक्का दिया। जब हम ने केनेस्सेट के सुरक्षा बलों को धक्का दिया, तो हमें शारीरिक हमला मिलने लगा। गुटमैन ने सुरक्षा बलों की तुलना एक 'सड़क गेंग' से करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें साफ निर्देश दिए गए थे कि हमें अंदर नहीं जाने देना और हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं करना है, जबकि हमें आमंत्रित किया गया था।

## जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज छात्रा कनक ने कोडिंग में बनी विजेता

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में ई.मावेंश क्लब के तत्वावधान में कोडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डेटा स्ट्रक्चर्स एंड एल्गोरिद्म डीएस व प्रश्न राउंड रखा गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने किया। निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि कोडिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रोग्रामिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रा कनक ने प्रथम, महक ने द्वितीय व विश्वास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। क्लब के समन्वयक मिस उपासना सूद व प्रियंका कांबोज ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को तर्कशक्ति और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित करने में मदद करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने व कोडिंग के प्रति रुचि रखने के लिए प्रेरित किया।



# प्लेसमेंट ड्राइव में ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के 11 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें एमआईटीएस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड व बायोफील्ड फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 11 होनहार छात्रों का चयन किया गया। एमआईटीएस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड ने 7 छात्रों को चयनित किया। जिनमें मुस्तकीम, संयम, समीर, वृंत, अनिकेत, अनु व अंकित शामिल हैं। वहीं बायोफील्ड फार्मा प्राइवेट लिमिटेड ने 4 छात्रों को अपने संगठन में स्थान दिया। जिनमें चहक, आंचल, आरजू व कोमल शामिल हैं। इन छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। जिससे वे इन प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए उपयुक्त उम्मीदवार साबित हुए।

प्राचार्य डॉ.अश्वनी ढींगरा ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी। उनकी कड़ी मेहनत व समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी हमेशा उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच मजबूत संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि छात्र अपने पेशेवर करियर के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें। उन्होंने एमआईटीएस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड व बायोफील्ड फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की भर्ती टीमों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने छात्रों को यह सुनहरा अवसर प्रदान किया।



## एनसीसी शिविर में स्वयंसेवकों ने खेली फूलों के साथ होली

**रादौर।** ज्योतिबा फुले सरकारी कॉलेज रादौर में चल रहा सात दिवसीय एनसीसी शिविर मंगलवार को भी जारी रहा। शिविर में स्वयंसेवकों ने दिन की शुरुआत योगा व प्राणायाम से की। महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एसएमओ डॉ.विजय परमार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। इसके साथ-साथ शाम को राधे-राधे ग्रुप द्वारा फूलों की होली खेली गई। जिसमें स्वयं सेवकों ने झूम कर नाचते हुए फूलों की होली का आनंद उठाया। कार्यक्रम एनएसएस पीओ रितु नरवाल की देखरेख में आयोजित किया गया। मौके पर डॉ.रिंकू शर्मा, डॉ.अमित कुमार, लैब अटेंडेंट जसबीर कौर व निशु मौजूद रहे।

# सर्व समाज का दर्पण होती हैं महिलाएं उनका सम्मान करें : न्यायाधीश डिमरी

**यमुनानगर।** जिला बार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की कल्पना करना संभव ही नहीं है। महिलाएं ही सर्व समाज का दर्पण है। जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवताओं का वास होता है। एडीजे रंजना अग्रवाल व बार सदस्या नीरा जैन ने भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व अंतरराष्ट्रीय महिला जज दिवस पर अपने विचार रखे ।

उन्होंने कहा कि यह दिवस नारी शक्ति के सम्मान और उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार करने का अवसर है। महिलाएं सिर्फ परिवार की धूरी ही नहीं हैं। बल्कि वह समाज, शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा और विशेष रूप से कानूनी पेशे में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसलिए हम सभी महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगें।


**यमुनानगर।** कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ करते अतिथिगण।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर प्रधान विक्रांत चौहान, उपप्रधान सोनिया रोहिल्ला, विशाल गर्ग, शुभम गौतम, शुभम पाल, मोनिका रानी, राज बाला, सबिना, पूजा चौहान, नीतू सिंघल इत्यादि मौजूद रहे।



## रक्तदान स्वयं को स्वास्थ्य रखने का बेहतर विकल्पः दिनेश गोयल

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में मंगलवार को पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय दिनेश गोयल की पुण्यतिथि पर दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल, सदस्य सारिका अग्रवाल व शुभांगी अग्रवाल स्व. दिनेश गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व शिविर का शुभारंभ किया। इंडस अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 82 लोगों ने रक्तदान किया। प्रधान रंजना गोयल ने रक्तदाताओं को सम्मानित करने के बाद कहा कि रक्तदान से न केवल दूसरों की जान बचाते हैं, बल्कि खुद भी स्वस्थ रहते हैं।

# विद्यार्थियों की भागीदारी व समझ को बढ़ाती हैं सक्रिय शिक्षण विधियां : बत्रा



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम(सीबीपी)में सक्रिय शिक्षण (एक्टिव लर्निंग) प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसका मुख्य उदेश्य शिक्षण पद्धतियों में नवाचार लाना और विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी एवं सहभागिता आधारित शिक्षा प्रदान करना रहा। सीबीएसई के प्रमुख प्रशिक्षक कपिल बत्रा व काजल कांबोज ने कार्यक्रम में सक्रिय शिक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को इंटरएक्टिव टीचिंग, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, गतिविधि आधारित शिक्षा और सहयोगी शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी। सक्रिय शिक्षण विधियां न केवल विद्यार्थियों की भागीदारी और समझ को बढ़ाती हैं। प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि सक्रिय शिक्षण छात्रों की शिक्षा को अधिक प्रभावी और सार्थक बनाता है। इससे शिक्षकों को नई शिक्षण रणनीतियां सीखने का अवसर मिला। चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि शक्षा के बदलते स्वरूप को ध्यान में रखते हुए हमें नवीन तकनीके अपनानी होंगी।

पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस

# वन विभाग की टीम ने खैर की लकड़ी से भरा टैंपो किया काबू

**टैंपों से खैर के 172 पीए किए बरामद, गांव गोराबनी के जंगलों से काटी खैर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वन विभाग की टीम ने खैर की तस्करी कर रहे टैंपो को हिरासत में लिया है। जांच के दौरान टैंपो से खैर के 172 पीस बरामद हुए। बताया जा रहा है खैर तस्कर गांव गोराबनी जंगल से खैर की लकड़ी काटकर उसे बेचने के लिए जा रहे थे। वन विभाग की टीम को आता देखकर आरोपी तस्कर टैंपो छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोट बीट के इंचार्ज वन रक्षक अंकित कुमार ने बताया कि उन्हें खैर तस्कर गांव गोराबनी के जंगल से खैर तस्करी की जानकारी मिली। टीम के साथ नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर तथा एक टैंपो को रूकने का इशारा किया। खैर तस्करों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारकर टैंपो को भगा लिया। पीछा करने पर आरोपी टैंपों छोड़कर फरार हो गए। जांच करने पर टैंपो से खैर के 172 पीस बरामद हुए। बाजार में जिनकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। पता चला कि जब्बार, बिलाल, मैनु, समीम व इकलाक ने जंगल से खैर के पेड़ काटे हैं। पुलिस ने शिकायत करने पर जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बाइक सवार युवकों ने महिला से छीनी सोने की चेन

यमुनानगर। शहर के होली मदर पब्लिक स्कूल के पास बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात स्नेचरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार एकता विहार कॉलोनी निवासी सुरेखा शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सात मार्च को शाम साढ़े छह बजे किसी काम से जा रही थी। जब वह होली मदर पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसके गले से सोने की चने झपट ली और मौके से भाग गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात स्नेचरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अवैध खनन रोकने को यमुना सहित जिले में नियमित मॉनिटरिंग

# अवैध खनन करने वालों को डीसी की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन करने वालों व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों ने जिले में विभिन्न स्थानों पर 1822 वाहनों की चैकिंग की और 41 वाहनों के चालान कर 5 लाख 93 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़क पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं, नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।


**यमुनानगर।** नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों के चालान करते हुए खनन विभाग के अधिकारी। *फोटोः हरिभूमि।*

### इन टीमों ने किए वाहनों के चालान

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 979 वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान आरटीए विभाग द्वारा 14 वाहनों का चालान कर 81 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 172 वाहनों की चैकिंग की गई और 11 वाहनों का चालान कर 2 लाख पांच हजार रुपयें का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 544 वाहनों की चैकिंग के दौरान पांच वाहनों का चालान कर 67 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 127 वाहनों की चैकिंग के दौरान 11 वाहनों का चालान कर 2 लाख 40 हजार 500 रुपये जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर दिन रात चैकिंग की जा रही है। उन्होंने अवैध खनन करने वाले व नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहन संचालकों को संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने अधिकारियों को भी पूरी निष्ठा से काम करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### भागवत कथा में सुनाया रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर 29 जिंदल ग्लोबल सिटी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया की द्वापर युग में कंस ने हिरण्याक्ष के घर पर उसके बेटे के रूप में जन्म लिया था, इसका नाम कालनेमि था। कथा को वृद्धि करते हुए कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया की असुर कालनेमि के छह बेटे और एक बेटी हुई। बेटी का नाम वृंदा था. वृंदा का विवाह जालंधर राक्षस से हुआ था जिसका बाद में भगवान विष्णु ने वरण किया और वह तुलसी वृन्दावन कहलायीं। कालनेमि बहुत दुष्ट था। स्कन्द पुराण की एक कथा के अनुसार, उसने दैत्यों की सेना के साथ देवताओं पर आक्रमण कर दिया था ताकि वह अमृत कलश को देवताओं से छीन सकें।

### शिविर में 82 युनिट रक्त किया एकत्रित



**लाडवा।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीतु सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल परिसर में स्कूल प्रबंधक समिति के पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय दिनेश गोयल की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में दूसरा रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल और सदस्य सारिका अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने स्वर्गीय दिनेश गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में 82 यूनिट रक्त एकत्रित किया।



### कुमारी सविता उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित समारोह में शिक्षक रत्न से सम्मानित कुमारी सविता मदान को सामाजिक एवं धाार्मिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो करने पर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ईशा अगवाल और डिंपल अरोड़ा मौजूद रही। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कविता सिंगला व दीपा सिंगला ने शिरकत की। इस अवसर पर संरक्षक शाम लाल पोपली, संरक्षक मदन लाल कथूरिया, प्रधान राजेश सिंगला आदि रहे।

## नप चुनाव : चेयरपर्सन और 30 पार्षदों के नतीजे आएंगे सामने

# टू टायॅर सिक्योरिटी के बीच 69,355 मतों की गणना आज

*मतगणना के कार्य को पूरा करने के लिए प्रशासन की तरफ से प्रबंध किए पूरे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर 2025 आम चुनाव के मतों की गणना टू टायॅर सिक्योरिटी के बीच 12 मार्च को सुबह 8 बजे शुरू होगी। इन आम चुनाव की मतगणना करने के लिए अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 में मतगणना केन्द्र बनाया गया है। इसके लिए रिटर्निंग अधिकारी एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच की देख रेख में मतगणना के कार्य के लिए तमाम आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने थानेसर नगर परिषद आम चुनाव 2025 व इस्माइलाबाद उपचुनाव की मतगणना के कार्य के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना के कार्य के प्रबंधों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस दौरान हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मतों की गणना का कार्य पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 में बनाए गए मतगणना केन्द्र में सभी अधिकारी और कर्मचारी सुबह 6 बजे से पहले पहुंचना सुनिश्चित करेंगे ताकि सुबह 8 बजे मतों की गणना का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सके। इस मतगणना केन्द्र में अधिकारी, कर्मचारी और चुनाव एजेंट अपने पहचान पत्र साथ लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए है और इन टेबलों पर 8 राउंड में मतों की गणना का कार्य पूरा किया जाएगा। इन टेबलों पर चेयरपर्सन और 30 पार्षदों की मतों की गणना अलग-अलग समय पर होगी। इन टेबलों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की डयूटी लगा दी गई है। सभी अधिकारियों को आदेश भी दिए गए है कि मेहनत, ईमानदारी और पूरी पारदर्शिता के साथ मतगणना का कार्य पूरा करना है,अगर किसी स्तर पर लापरवाही की तो चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मतगणना केन्द्र के चारों तरफ भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।



**कुरुक्षेत्र।** मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस कर्मी।

### पुलिस जवानों को पेट्रोलिंग पर लगाया

जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निदेर्शानुसार निकाय चुनाव मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये हैं। निकाय मतगणना के दौरान जिला पुलिस के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गई है। मतगणना स्थल के अलावा नाकों, गश्त व पेट्रोलिंग पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस जवानों की लगाया गया गया है। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना ड्यूटी बारे विस्तार से समझाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में पहले से ही तैनात पुलिस बल के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार कि 12 मार्च को निकाय चुनाव की मतगणना को देखते हुए मतगणना स्थल अग्रसैन पब्लिक स्कूल सैक्टर-13 कुरुक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गये हैं। मतगणना स्थल के आस-पास पैदल गश्त पार्टियों की भी नियुक्ति की गई है।

### केंद्र के पास हथियार ले जाने पर रहेगा प्रतिबंध

*इस मतगणना केन्द्र के आस-पास हथियार और अन्य अस्त्र शस्त्र ले जाने पर पूर्णतय प्रतिबंध रहेगा। आरओ एवं डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर आम चुनाव में 33113 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जबकि 36242 पुरुषों ने भी वोट डाले। इस प्रकार नप थानेसर के आम चुनाव में 69355 वोटों की गिनती का कार्य किया जाएगा। इन मतों की गणना का कार्य 12 मार्च को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 मतगणना केन्द्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना को लेकर प्रशासन की तरफ से उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।*

## शिव शक्ति महायज्ञ का अवश्य हिस्सा बनें नागरिक : रमेश

### 18 मार्च को निकाली जाएगी कलश यात्रा

- 18 से 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी महाराज के सान्निध्य में 18 से 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। इस महायज्ञ में अधिक से अधिक धर्मप्रेमियों को जोड़ने के उद्देश्य से लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता केशव पार्क पहुंचे। उन्होंने यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी महाराज से महायज्ञ की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की और देशभर के सभी सनातन प्रेमियों, धर्म प्रेमियों से आह्वान किया कि वे सभी धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 18 मार्च से 27 मार्च तक आयोजित होने जा रहे 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का अवश्य हिस्सा बने। गौरतलब है कि 102वा जनकल्याण 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ 18 से 27 मार्च तक केशव पार्क कुरुक्षेत्र में आयोजित होने जा रहा है। इस महायज्ञ में जहां 18 मार्च को सुबह ब्रह्म सरोवर से केशव पार्क तक प्रातः 10 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी, वहीं शाम 4 बजे केशव पार्क में स्थापित यज्ञशाला में शाम अग्नि मंथन होगा।



**कुरुक्षेत्र।** केशव पार्क में स्वामी हरिओम जी से महायज्ञ को लेकर चर्चा करते रमेश गुप्ता।

### कुवि ने घोषित किए एनईपी-2020 के तहत आयोजित 15 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा एनईपी-2020 के तहत आयोजित 15 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीसीए 5वां सेमेस्टर, एम.एससी. (भौतिकी) प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) (रि-अपीयर), बीएचएम और सीटी 5वां सेमेस्टर (फ्रेश) नॉन-सीबीसीएस,एम.एस.सी. टेक. एप्लाइड (जियो-फिजिक्स) (नॉन-एनईपी) प्रथम सेमेस्टर, एमबीए 9वां सेमेस्टर (नॉन-एनईपी) तथा बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) प्रथम सेमेस्टर (नॉन-सीबीसीएस) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2024 में आयोजित बी.एससी. (ग्राफिक्स और एनिमेशन) चौथा सेमेस्टर (एनईपी), 7. बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास दूसरा सेमेस्टर (एनईपी) आदि कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए है।

## फूलों से होली खेलकर दिया जाएगा भाईचारे का संदेश : अनिल गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- अग्रवाल सभा सेक्टर 5 धूमधाम से मनाएगा होली मिलन समारोह

अग्रवाल सभा सेक्टर 5 कुरुक्षेत्र (रजि.) द्वारा पिपली रोड स्थित ग्रेन अरीना पैलेस में 14 मार्च को होली मिलन समारोह 2025 धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समारोह में मिल जुलकर फूलों से होली खेलकर भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा सेक्टर 5 के सचिव अनिल गर्ग ने बताया कि होली मिलन समारोह को लेकर सभी तैयारियां जोरो से चल रही है। अग्रवाल सभा हर वर्ष की भांति इस बार भी होली के पर्व को पूरे हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाने का काम करेगी। समारोह में श्रीवृंदावान धाम के गायक भारत उमेश की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। 14 मार्च को साढ़े 11 बजे गीत संगीत एवं भजन का कार्यक्रम किया जाएगा। सचिव अनिल गर्ग ने बताया कि होली हिंदुओं का एक पारंपरिक पर्व है और जो भाईचारे और सद्भावना की को बढ़ावा देने का काम करता है। होली को हिंदुओं का पवित्र त्योहार भी माना जाता है। इसके लिए उन्होंने सदस्यों के सुझाव का स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस बार होली का पर्व पूरे शानदार ढंग से मनाया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** जानकारी देते ग्रवाल सभा सेक्टर 5 के प्रधान सचिन गुप्त व सचिव अनिल गर्ग।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर वर्कशॉप का आयोजन आज

**पिहोवा।** उपमंडल कृषि अधिकारी डा. मनीष वत्स ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कुरुक्षेत्र की तरफ से उपमंडल पिहोवा में बुधवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इस वर्कशॉप में कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों को प्राकृतिक तरीके अपनाकर खेती करने बारे जागरुक किया जाएगा। यह वर्कशॉप उपमंडल पिहोवा के शहनाई पैलेस में प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस वर्कशॉप में लगभग 800 किसान भाग लेंगे तथा कृषि विशेषज्ञों के बहुमूल्य सुझावों को अपनाकर अपनी खेतीबाड़ी में बढ़ोत्तरी करेंगे। इस मौके पर किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## 100 मीटर वर्ग दौड़ में नितिन प्रथम

- राजकीय पॉली टेक्निकल उमरी संस्थान में दो दिवसीय द्वितीय वार्षिक एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राजकीय पॉली टेक्निकल उमरी संस्थान के प्रधानाचार्य जोगिन्द्र सिंह ने कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक उमरी संस्थान में दो दिवसीय द्वितीय वार्षिक एथलेटिक्स मीट का शुभारंभ किया गया। उन्होंने छात्रों को खेलों और अनुशासन के प्रति प्रेरित किया। इस समारोह में मार्च पास्ट और मशाल प्रज्ज्वलन के साथ खेलों का शुभारंभ किया गया। स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट कंवल सचदेवा ने सभी प्रतिभागियों को खेलों में सच्ची खेल भावना से भाग लेने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि लडकों के वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नितिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विकास दूसरे स्थान पर और मयंक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे, 200 मीटर रेस में विकास प्रथम, नितिन द्वितीय और मयंक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे, 400 मीटर रेस में मयंक शर्मा प्रथम, विकास द्वितीय और पवन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी कड़ी में लड़कियों के वर्ग में 100 मीटर दौड़ में रुखसाना प्रथम, नेहा देवी दूसरे और सोनिया तीसरे स्थान पर रही और 200 मीटर रेस में नेहा देवी प्रथम, सोनिया द्वितीय और ईशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर महिला स्टाफ रेस में अध्यापिका ज्योति प्रथम, कुसुम द्वितीय और संगीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## विधानसभा सत्र के दौरान विधायक ने उठाए धर्मनगरी से जुड़े अनेक मुद्दे

- ब्रह्मसरोवर के पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके महिला स्नानघर, परिक्रमा पथ पर चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने हरियाणा विधानसभा के स्पीकर को ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भेजकर सनातन आस्था के केंद्र के रूप में प्रख्यात स्थल ब्रह्मसरोवर के पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके महिला स्नानघर, परिक्रमा पथ और बरामदों की दशा पर चिंता जताई है। इसी के साथ-साथ उन्होंने ब्रह्मसरोवर के चारों ओर के टूटे हुए पत्थरों और दुर्दशाग्रस्त पार्कों की ओर भी ध्यान आकर्षित कराया है। अशोक अरोड़ा का कहना है कि इस समय पूरे ब्रह्मसरोवर की स्थिति पूर्ण रूप से दयनीय हो चुकी है। उन्होंने सरकार से ब्रह्मसरोवर की कंप्लीट रेनोवेशन, ब्यूटीफिकेशन और हरियाली क्षेत्र को बढ़ावा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए संबंधित मंत्री से इस संबंध में सदन में वक्तव्य देने का अनुरोध भी किया है। अशोक अरोड़ा ने विधानसभा स्पीकर को भेजे एक अन्य ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में बेसहारा जानवरों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि बेसहारा जानवर प्लास्टिक तथा कूड़ा और कचरा खाकर मर रहे हैं।



विधायक अशोक अरोड़ा।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

- मांगों को लेकर उपायुक्त के कार्यालय के सामने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने जिला उपायुक्त के कार्यालय के सामने एक विशाल धरने का आयोजन किया। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने की। मंच संचालन रिटायर्ड कर्मचारी संघ के महासचिव रतन जिंदल ने किया। राज्य प्रेस सचिव धर्मपाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर से हजारों रिटायर्ड कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे। राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा लगातार धरनो व प्रदर्शनों के माध्यम से ज्ञापन व पत्र भेज कर मांग करता रहा है कि हम लोकतांत्रिक तरीके से बात करके अपनी मांगों में समस्याओं का समाधान चाहते हैं लेकिन बड़े दुख की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री से मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में एक बार भी द्विपक्षीय से वार्ता नहीं की।



**कुरुक्षेत्र।** धरने पर बैठे कर्मचारी।

### प्रमुख मांगे

उनकी मांग है कि पेंशनर व पारिवारिक पेंशनर को पुरानी पेंशन लागू की जाए व पेंशन को आयकर से मुक्त किया जाए। पारिवारिक पेंशनर्स को एल टी सी की सुविधा दी जाए। सभी रिटायर्ड कर्मचारियों को एलटीसी ब्लॉक वर्ष के प्रथम वर्ष में दी जाए । करोनाकाल का 18 माह का महंगाई भत्ते का बकाया एरियर दिया जाए। कर्मचारियों द्वारा 6 माह से ज्यादा सरकारी सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त होने पर एक वेतन वृद्धि दी जाए व न्यायालय द्वारा कर्मचारी के हित के सभी फसलों को जनरलाईज किया जाए।

## फल और सब्जी परिक्षण के विभिन्न तरीकों को अपनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र वरिष्ठ समन्वयक डा. बलजीत सहारण ने कह कि कृषि विज्ञान केन्द्र में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के प्रतिभागियों के लिए फल और सब्जी परिरक्षण पर 5 दिवसीय व्यावसायिक परिरक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डा. बलजीत सहारण ने प्रशिक्षुओं को अपना व्यवसाय शुरू करके आत्मनिर्भर होने मे कृषि विज्ञान केन्द्र की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकरी देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से उगाये जाने वाले सब्जियों एवं फलों को परिरक्षण के उत्पाद बनाने में उपयोग चाहिए।



कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र के वैज्ञानिक डा. सरिता रानी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व पर फल और सब्जी परिरक्षण के विभिन्न तरीकों को अपनाना चाहिए। इस प्रशिक्षण में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल से डा. प्रशांत कौशिक तथा डॉ नेहा शर्मा ने फल तथा सब्जियों के अचार, चटनी, जैम, इत्यादि उत्पाद बनाने सिखाए तथा संबंधित विभिन प्रकार की जानकारी प्रतिभागियों को दी।

## बिजली और पीने के पानी के प्रबंधों में कोताही नहीं होगी सहन : नेहा सिंह

### गर्मियों को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गर्मियों के सीजन में बिजली और पीने के पानी के प्रबंधों में किसी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। इस गर्मी के सीजन को जहन में रखकर सभी विभागों के अधिकारी समय रहते प्रबंध पूरे करेंगे ताकि किसी स्तर पर कोई कमी ना आए। अहम पहलू यह है कि गर्मियों के सीजन में कुरुक्षेत्र के नागरिकों को बिजली, पीने के पानी और सिंचाई से सम्बन्धित समस्या नहीं आने दी जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में गर्मियों के सीजन को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने गर्मियों के सीजन को लेकर यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन मोहन जिंदल, जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिला, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर, डीडीपीओ विकास कुमार सहित नगर परिषद और अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के स्तर पर बिजली,पीने के पानी, सिंचाई सहित अन्य प्रबंधों के बारे में फीडबैक रिपोर्ट देते हुए आश्वासन दिया कि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।



**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करती उपायुक्त नेहा सिंह।

**कार्यक्रम** नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में जांचा मरीजों का स्वास्थ्य

# केक काटकर मनाया सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी का पांचवां स्थापना दिवस

*शिविर में 48 बीपी व शुगर के मरीजों की मुफ्त जांच की गई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं संगीत कला केंद, महावीर सत्संग सभा शीला नगर के स्टाफ सदस्यों ने मंगलवार को केक काटकर डिस्पेंसरी व संगीत कला केंद्र का 5वां स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर डिस्पेंसरी में एक निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 48 बीपी व शुगर के मरीजों की निशुल्क जांच की गई। डिस्पेंसरी के सदस्यों ने बताया कि सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी निरंतर मरीजों की सेवा में तत्पर है। डिस्पेंसरी के पांच वर्ष पूरे होने पर सभी स्टाफ और मेंबर बधाई के पात्र हैं। 11 मार्च 2020 को डिस्पेंसरी का शुभारंभ ट्रस्ट के संचालक सजन जी ने अपने कर कमलों से किया था। सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, सतीश कुमार, मनोज गाबा, लक्की मुंजाल व अनिल चावला ने बताया कि यहां पर नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल ओपीडी, दंत रोग विशेषज्ञ व फिजियोथैरिपी आदि की सुविधा उपलब्ध है। सदस्य मनोज गाबा ने बताया कि ट्रस्ट अब तक देश के विभिन्न भागों में चौदह चैरिटेबल डिस्पैन्सरी एवं लैब का कुशल संचालन कर रहा है तथा इन डिस्पैन्सरियों से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर अब तक लाखों सजन सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस डिस्पैन्सरी में मरीजों को पंजीकरण के लिए मात्र 30 रुपये का शुल्क देना होगा, जोकि दो दिन तक मान्य होगा। इसके अलावा लैब में सभी टेस्ट बाजार से आधे दाम में किए जाते है। इस अवसर पर डा. विष्णु दत शर्मा, डा. दीक्षा सैनी, डा. काजल, हेमंत, राजू, स्वीटी, सुमन, निशा, काजल आदि मौजूद रहे।





**कुरुक्षेत्र।** केक काटकर डिस्पेंसरी का स्थापना दिवस मनाते चिकित्सक व स्टॉफ सदस्य। व मरीज का चेकअप करते चिकित्सक।

### केंद्र अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए कटिबद्ध

सदस्य सतीश कुमार ने बताया कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र को भी पांच वर्ष पूरे हुए है। उन्होंने केंद्र के निर्देशक, अध्यापक और विद्यार्थियों को बधाई दी। बताया कि पांच साल पहले यह केंद्र संगीत के साथ सबके आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया था और केंद्र अभी भी अपने उसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है। अपने संस्थापक केंद्र सतयुग दर्शन ट्रस्ट, फरीदाबाद से निरंतर मार्गदर्शन के लिए केंद्र आभार व्यक्त करता है। यह केंद्र कुरुक्षेत्र वासियों को वाद्य, नृत्य, गायन और एरोबिक्स में कम शुल्क पर सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान कर रहा है।

**खबर संक्षेप**

### गांव सोहाना में चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना क्षेत्र के गांव सोहाना-मुलाना हाइवे के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी अनमोल को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। उसके पास हथियार है जोकि किसी भी वारदात को अंजाम दे सकता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक चाकू जब्त किया था। आरोपी की पहचान अनमोल के तौर पर हुई जोकि गांव कांसापुर का रहने वाला बताया जा रहा है।

### सौंदर्यीकरण स्पर्धा में उगाला का सरकारी स्कूल अव्वल

**बराड़ा।** मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के तहत विद्यालय को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। स्कूल प्रिंसिपल जगदीश मेहरा ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में जिला स्तरीय कमेटी ने जिले के सभी ब्लॉकों में स्कूलों का निरीक्षण किया था। गांव उगाला के पीएम श्री विद्यालय ने सभी मापदंडों को पूरा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप इसे यह सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि इससे पहले विद्यालय ने खंड स्तर पर भी सौंदर्यकरण की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया था, जिसके लिए उसे 50 हजार रुपये का इनाम मिला था। विद्यालय की सफलता का प्राचार्य जगदीश मेहरा एवं समस्त विद्यालय परिवार को जाता है जिन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**निकाय चुनाव परिणाम आज : सुरक्षा के भारी बंदोबस्त, 450 जवान तैनात, 28 जगह नाकाबंदी**

# मतगणना की तैयारियां पूरी, नगर निगम को मिलेगी नई मेयर, नगर परिषद को नई अध्यक्ष

- बराड़ा नगर पालिका को नए अध्यक्ष के साथ मिलेंग सदस्य
- अंबाला सदर में भी लंबे समय बाद सभी 32 वार्डों में सदस्यों की तय होगी जिम्मेदारी
- प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

निकाय चुनाव के लिए हुए मतदान की गणना की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसके लिए प्रशासन की ओर से ठोस बंदोबस्त किए गए हैं। अंबाला शहर के मेयर उपचुनाव के साथ अंबाला सदर नगर परिषद व बराड़ा नगरपालिका चुनाव के लिए हुए मतदान की गणना का कार्य भी पूरा किया जाएगा। इसके लिए तीन जगह मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। गणना के साथ ही नतीजे घोषित किए जाएंगे। इन नतीजों से पहले रुझान सुबह साढ़े आठ बजे तक आना शुरू हो जाएंगे। अंबाला शहर और अंबाला छावनी के लिए कुल 14 टेबलों पर मतगणना होगी। जिसमें अंबाला शहर को अपना नया मेयर दोपहर 12 बजे तक मिल जाएगा। अंबाला छावनी नगर परिषद व बराड़ा नगरपालिका की नए अध्यक्ष के साथ नए सदस्य भी बुधवार को मिल जाएंगे। अंबाला और अंबाला छावनी में नगर निकाय के चुनाव 2 मार्च को हुए थे। जिसमें अंबाला में 43% ही मतदान हुआ था।

**तैयारियों का जायजा लेते रिटर्निंग अधिकारी**



### 14 राउंड में पूरी होगी गिनती

अंबाला मेयर उपचुनाव के मतों की गिनती 14 राउंड में पूरी की जाएगी। वहीं नगर परिषद अंबाला छावनी के चुनाव में 23 राउंड में मतों की गिनती की जाएगी। प्रत्येक चक्र की घोषणा आरओ टेबल के द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही दोनों मतगणना स्थल पर 14 टेबल लगाई जाएंगी। अंबाला शहर के मेयर चुनाव की मतगणना सेक्टर 9 स्थित ओपीएस विद्या मंदिर में की जाएगी तो वहीं अंबाला कैंट के नगर परिषद चुनाव की मतगणना एसडी कॉलेज अंबाला कैंट में होगी। मेयर के मतों की गिनती और अध्यक्ष-सदस्यों की गिनती साथ-साथ होगी। गणना के समय यदि ईवीएम में कोई खराबी आती है तो आरओ की अनुमति के बाद ही उपरांत समस्त गणना के अंत में खामियों को दूर करते हुए उस ईवीएम के मतों की गणना की जाएगी। गणना आरंभ होने से पहले अभिकर्ताओं को ईवीएम में लगी सील चेक कराई जाएगी। मतगणना अभिकर्ता व मतगणना कर्मियों को मोबाइल ले जाने की इजाजत नहीं होगी। इसके साथ ही अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस भी मतगणना स्थल पर नहीं जा सकेंगे। गणना के लिए टेबल पर ही सभी व्यवस्थाएं रहेंगी। अभिकर्ता को भी अपनी टेबल से इधर-उधर जाने की इजाजत नहीं रहेगी। मतगणना स्थल पर 200 मीटर की परिधि में किसी भी निजी वाहन को आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बराड़ाः 5 राउंड में होगी मतगणना

बराड़ा। नगरपालिका अध्यक्ष एवं नगर सदस्यों के चुनाव की मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी अमित भारद्वाज ने बताया कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। 2 मार्च को हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को डीएवी स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सील करके रखा गया है। यहां सीसीटीवी और हरियाणा पुलिस के जवानों की निगरानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। स्ट्रांग रूम के बाहर पुलिसकर्मी दिन-रात ड्यूटी दे रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके।

### भारी वाहनों पर रोक

अंबाला। निकाय चुनाव के लिए मतगणना के दौरान पुलिस ने पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए हैं। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया बताया कि सुरक्षा के लिए लिहाज से 450 पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। लगभग 28 जगह नाकाबंदी की गई है। अंबाला यमुनानगर मार्ग पर केवल भारी वाहनों को किया गया डायवर्ट। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिला में मतगणना केंद्रों के आसपास लगभग 28 स्थानों पर नाकाबंदी कर केंद्रों पर भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतगणना के दौरान एसडी कॉलेज अंबाला छावनी, ओपीएस विद्या मन्दिर स्कूल अंबाला शहर व डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल बराडा में नाकाबंदी कर पुलिस दवारा पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

### आपराधिक व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखें

एसपी भौरिया ने बताया कि सभी प्रबंधक थाना को आदेश दिए है कि अपने - अपने क्षेत्र में आपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर कडी नजर रखें। अगर कोई भी व्यक्ति कानून एवं व्यवस्था को बिगाडने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रबंधक थाना यातायात ने बताया कि कि मतगणना के दौरान अंबाला यातायात पुलिस द्वारा अंबाला यमुनानगर मार्ग पर केवल भारी वाहनों का आवागन बंद किया गया है। भारी वाहनों के लिए यातायात प्रबंध व रूट डायवर्ट किया गया है। यमुनानगर से अंबाला छावनी आने वाले भारी वाहनों का साहा से डिफेंस कॉलोनी से होते हुए भी अंबाला आ सकते हैं। हंडेसरा, शहजादपुर, पंजोखरा साहिब से होते हुए वाहन चालक अंबाला में प्रवेश कर सकते हैं। व साहा, हंडेसरा, शहजादपुर रूट को डायवर्ट किया गया है। वाहन चालक साहा, शहजादपुर से होते हुए भी यमुनानगर जा सकते हैं। हंडेसरा, शहजादपुर से होते हुए यमुनानगर जा सकते हैं व डिफेंस कॉलोनी, हंडेसरा व अंबाला छावनी से यमुनानगर जाने वाले भारी वाहन पंजोखरा साहिब साहा से होते हुए यमुनानगर जा सकते हैं।

### मतगणना प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू होगी

मतगणना प्रक्रिया सुबह 8 बजे शुरू होगी, इसके लिए 4 टेबल लगाई गई हैं। मतगणना 5 राउंड में पूरी की जाएगी। इस कार्य में लगभग 80 कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। मतगणना प्रक्रिया पूरी होने तक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना प्रक्रिया में सहयोग करें।

### सीसीटीवी से हुई स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

मतदान के बाद से ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी हुई है। इस स्ट्रांग रूम के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरों और पुलिसकर्मियों की निगरानी लगातार जारी है। प्रशासनिक की ओर से मतगणना प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं ताकि नगरपालिका चुनाव की मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।




**अंबाला।** शिविर के दौरान रैली निकालते कॉलेज छात्र। फोटो : हरिभूमि

**गांव कांवला में चल रहा एनएसएस शिविर**

## ब्रह्माकुमारीज की ओर से करवाई मेडिटेशन

- प्रोग्राम अधिकारी डॉ प्रियंका चौधरी ने केंचुए खाद की आवश्यकता, लाभ और उससे रोजगार की सम्भावनाओं पर स्वयंसेवकों से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज की ओर से गांव कांवला में चल रहा सात दिवसीय शिविर का छठा दिन प्राणायाम से शुरू हुआ1 ब्रह्माकुमारी सुमन गुलाटी व किरण शर्मा ने स्वयंसेवकों को तत्पश्चात मेडिटेशन करवाया व मानसिक स्वास्थ्य को लेकर छात्रों को जागरूक किया। प्रोग्राम अधिकारी डॉ प्रियंका चौधरी ने केंचुए खाद की आवश्यकता, लाभ और उससे रोजगार की सम्भावनाओं पर स्वयंसेवकों से चर्चा की। आईसीटीसी काउंसलर मनीषा ने एचआईवी-एड्स पर चर्चा करते हुए इसके फैलने के कारण और रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही समय समय पर आइसीटीसी सेंटर में एचआईवी जांच कराने को कहा। मनीष सैनी, वेब डिज़ाइनर ने स्वयंसेवकों को स्वावलंबी बनने हेतु वेब डिज़ाइनिंग की बढ़ती मांग व उससे संभव रोजगार के विषय में विस्तृत जानकारी दी1 मनीष ने वित्तीय स्वावलंबी होने के लिए भी छात्रों को जागरूक किया कि सभी को वित्तीय ज्ञान होना आवश्यक है1 प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने गांव में प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए रैली निकाली। प्राचार्य राजीव महाजन ने स्वयंसेवकों के मनोबल को बढाते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। अनुशासन से कार्य करने को कहा। सायंकालीन सत्र में अशोक अंटवाल ने स्वयंसेवकों को लेक्चर दिया जिसमें उन्होंने छात्रों समाचार पत्र दैनिक पढ़ने को कहा व ख़बरों की महत्वता पर प्रकाश डाला 1 एडवोकेट तेजपाल शर्मा ने भारतीय संविधान, उसकी संरचना, पंचायती राज, कानून, लॉ व आर्डर का समाज मे महत्व के बारे मे संक्षिप्त में जानकारी प्रदान की 1 स्वयंसेवकों ने 'बाल विवाह' पर नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी1

**योजनाओं का उठाया लाभ**

### नवीन संकल्प शिविर का 65 लोगों ने उठाया लाभ

**पिहोवा।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से गांव कलसा में नवीन संकल्प शिविर लगाया गया। इसमें ग्रामीणों को मेडिकल व सांसद की ओर से चलाई गई अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में 59 मरीजों की ओपीडी जांच की गई। जबकि यशस्वी योजना से संबंधित छह लोग शिविर में पहुंचे। कुल 65 लोगों ने सेवाओं का लाभ उठाया। सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की पहल पर शुरू किए गए इन शिविरों में मोबाइल मेडिकल यूनिट भी शामिल है। जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। शिविरों में सांसद द्वारा शुरू की गई नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके। इसी कड़ी में रितिका सैन ने बताया कि नवीन संकल्प शिविर के तहत 6 लोगोंको लाभ पहुंचाया गया।

**प्रभात फेरी का आयोजन**

### सखी री वृंदावन जाऊंगी के भजन पर झूमे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** होली महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से कृष्णा नगर गामड़ी में प्रदीप कुमार बंसल के निवास स्थान पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुनील वत्स, रामकुमार शर्मा तथा नवीन भारद्वाज की मंडली द्वारा मेरे उठे विरह की पीर, सखी री वृंदावन जाऊंगी भजन पर ठाकुर जी की युगल जोड़ी के सामने श्रद्धालु जमकर नाचे। प्रभात फेरी में राजेंद्र चोपड़ा, मनिंदर छिंदा, जयभगवान शर्मा, सुरेंद्र शर्मा सहित श्री कृष्ण कृपा परिवार के अनेक सदस्यों ने भाग लिया और भजनों का खूब आनंद उठाया। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से प्रभातफेरी के आयोजक प्रदीप कुमार बंसल के परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।

> प्रदीप कुमार बंसल के परिजनों को स्मृति भेंट किया

## हाईकोर्ट की जस्टिस मीनाक्षी मेहता ने अंबाला व नारायणगढ़ की अदालतों का किया मुआयना

**न्यायिक अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए, जेल में बंदियों से भी की मुलाकात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस मीनाक्षी मेहता मंगलवार को वार्षिक निरीक्षण के लिए अंबाला सत्र मंडल का दौरा करने पहुंची। सबसे पहले जस्टिस मीनाक्षी ने नारायणगढ़ सब डिवीजन कोर्ट का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कोर्ट की कार्रवाई की उचित जांच के साथ कामकाज की भी समीक्षा की। इसके बाद जस्टिस मीनाक्षी मेहता अंबाला सेशन कोर्ट पहुंची। यहां पहुंचने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर व न्यायधीशों के साथ-साथ अन्य ज्यूडिशिल अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इसके उपरांत उन्होंने सभी अदालतों का निरिक्षण किया व वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की। जस्टिस मीनाक्षी ने जिला बार एसोसिएशन में भी सभी वकीलों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को जाना। इसके बाद उन्होंने सेंट्रल जेल एवं सुधार गृह का भी मुआयना किया। सुधार गृह में बच्चों ने जस्टिस का स्वागत किया। एक ग्रुप नाटक व एक बच्चे ने नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने ड्रग्स फ्री इंडिया पर नाटक प्रस्तुत किया व नशा मुक्त भारत का नारा दिया। सभी ने नशा मुक्ति का संकल्प भी लिया। जस्टिस ने बच्चों से वार्तालाप किया तथा उनके जीवन से जुड़ी बातों का ब्यौरा लिया। उन्हें अच्छे मार्ग पर प्रशस्त होने का संकल्प भी दिलवाया। सेंट्रल जेल में जस्टिस मीनाक्षी ने बंदियों से मुलाकात की। इस दौरान बंदियों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। इस सिलसिले में उन्होंने जेल अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए।



**अंबाला।** जिला बार एसोसिएशान में जस्टिस मीनाक्षी का अभिनंदन करते प्रेजिडेंट सतपाल सिंह व अन्य पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## किसानों व बेरोजगारी के मुद्दे पर विधायक ने बोला हमला

**शंभू बॉर्डर पर एक साल से बैठे किसानों की सरकार को कोई परवाह नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



> प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी का मुद्दा भी जोर शोर से उठाया

विधानसभा में चल रहे सत्र के दौरान हल्का मुलाना की कांग्रेस की विधायक पूजा चौधरी ने सरकार पर किसानों और युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि सरकार ने सदन में तो खूब गुणगान किया लेकिन यह नहीं बताया कि आने वाले साल में वह क्या करेगी। पूजा चौधरी ने किसानों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पिछले साल से किसान अपनी मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर बैठे हैं लेकिन सरकार को उनकी कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए एक बोर्ड बनाया गया था, लेकिन सरकार यह बताने को तैयार नहीं कि अब तक कितने किसानों की आय दोगुनी हुई है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा अब यहां रहना नहीं चाहते वो लाखों रुपये खर्च कर विदेश जा रहे हैं लेकिन वहां से भी उन्हें वापस डिपोर्ट कर भेजा जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सरकार स्कूल बंद कर रही है जिससे माता-पिता को बच्चों को बाहर पढ़ने भेजना पड़ रहा है। चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें सप्लीमेंट्री सवाल पूछने का मौका नहीं दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही महिला सशक्तिकरण है? उनके सवालों के जवाब भी अधूरे दिए गए।

### श्रीकृष्ण अर्जुन मंदिर में 5 क्विंटल फूलों से खेली जाएगी होली

**कुरुक्षेत्र।** होली के पवित्र त्यौहार को इस्कॉन बड़े अनूठे तरीके से मनाता है। हर वर्ष इस्कॉन में फूलों की होली खेली जाती है, जिसमें हजारों भक्त भाग लेते है। इस वर्ष भी इस्कॉन ने इस अनूठी होली की तैयारियों शुरू कर दी है, करीब 5 से 7 क्विंटल फूलों का इंतजाम किया जा रहा हैं। माना जा रहा है कि फूलों की इस अनूठी होली को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु ज्योतिसर स्थित इस्कॉन के श्री कृष्ण अर्जुन मंदिर में आएंगे।




**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**निरीक्षण** | **दूसरे दिन जिले के 185 स्कूलों में चलेगी मॉनिटरिंग ड्राइव**

## 293 प्राइमरी स्कूलों की हुई मॉनिटरिंग शैक्षिक गतिविधियों का किया अवलोकन

**डीईईओ ने खुद स्कूलों में जाकर देखी स्कूलों की हकीकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

निपुण अंबाला मिशन के तहत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में मंगलवार को जिले के 293 प्राइमरी स्कूलों की मॉनिटरिंग की गई। शेष बचे 185 स्कूलों की मॉनिटरिंग बुधवार को होगी। 478 स्कूलों की मॉनिटरिंग के इस कार्य के लिए जिले में कुल 187 मॉनिटरिंग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, संकुल मुखिया, प्रधानाचार्य, पीजीटी, टीजीटी, बीआरपी तथा एबीआरसी शामिल हैं। इन सभी मॉनिटरिंग अधिकारियों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा एक ऑनलाइन टूल उपलब्ध करवाया गया जिसके उपयोग से सभी अधिकारियों ने मॉनिटरिंग का काम किया। सभी अधिकारियों ने कक्षा एक से लेकर कक्षा तीसरी तक प्रत्येक कक्षा के 6 बच्चों की भाषा तथा गणित विषयों की दक्षताओं का आंकलन इस टूल के माध्यम से किया। उन्होंने यह भी देखा कि इन कक्षाओं के लिए विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए प्रदान की गई शिक्षक संदर्शिका और बच्चों के लिए दी गई कार्य-पुस्तिका का प्रयोग नियमित रूप से हो रहा है या नहीं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने भी शहर के सेक्टर 8 स्थित प्राइमरी स्कूल का दौरा किया। यहां नियुक्त मॉनिटरिंग अधिकारी द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय के किचन गार्डन, मिड डे मील, और कक्षा कक्षों में प्रिंट रिच वातावरण को संतोषजनक बताया। सुधीर कालड़ा ने कहा कि आगामी 17 मार्च से इन कक्षाओं के बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं भी होनी हैं। इस लिहाज से यह मेगा मॉनिटरिंग इन बच्चों के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा का कार्य भी करेगी। कालड़ा ने बताया कि इससे पहले 23 दिसंबर को भी शिक्षा दीक्षा पर्यवेक्षण के अंतर्गत सभी 478 स्कूलों का पर्यवेक्षण किया गया था। उस पर्यवेक्षण रिपोर्ट के आधार पर शिक्षा में पिछड़ रहे बच्चों पर फोकस करते हुए न केवल स्कूलों में मेंटरिंग विजिट को बढ़ाया गया था बल्कि उपचारात्मक कार्यक्रम भी चलाया था। जिला एफएलएन समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि डीईईओ सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में की जा रही इस मेगा मॉनिटरिंग से प्राप्त डाटा के आधार पर जिले की एफएलएन टीम को शिक्षा विभाग के निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने में आगे की रणनीति बनाने में सहायता मिलेगी ताकि सत्र 2025-26 के अंत तक विभाग द्वारा निर्धारित शत-प्रतिशत निपुण अंबाला के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।



मॉनिटरिंग के दौरान डीईईओ सुधीर कालड़ा गतिविधियों का अवलोकन करते हुए।

**संस्था के पदाधिकारियों ने पुरानी कार्यकारिणी की गतिविधियों की सराहना की**

## नेपाली संस्था के लिए चुनाव 6 को होगा 31 तक नामांकन दाखिल करने का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सेवा सुरक्षा सहयोग समिति नेपाली संस्था एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर समिति की मासिक बैठक पुलिस लाइन संस्था कार्यलय में आयोजित हुई ।मासिक बैठक में सभी पदाधिकारियों ने महासचिव रिटा पटेल की अध्यक्षता में पांच वर्ष पूर्ण होने पर इस्तीफा दिया। इस दौरान 2020-2025 के कार्यकाल में पूर्व अध्यक्ष गणेश पटेल द्वारा किए गए कार्यों की सभी सदस्यों ने सराहना की । संस्था के सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और मंदिर निर्माण के कार्य को लेकर चर्चा की गई। सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश अनुसार संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा संस्था की बैठक में संस्था के पांच वर्ष पूर्ण होने पर आने वाली 6 अप्रैल को संस्था चेयरमैन पद के लिए वोटिंग की जाएगी । इसमें संस्था एवं मंदिर के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि जिस सदस्य का संस्था द्वारा बनाया गया आई कार्ड होगा सिर्फ वही व्यक्ति वोट डाल सकेगा । वर्तमान में संस्था उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने कहा कि सभी पुराने अधिकारियों ने पिछले बीते 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण ईमानदारी से निभाया जिसकी वे सराहना करते हैं। वोटिंग का परिणाम आने 6 अप्रैल ठीक शाम 4 बजे घोषित कर दिया जाएगा । चेयरमैन पद के लिए संस्था द्वारा मनोनीत उम्मीदवारों के नाम पूर्व व्यवस्था प्रमुख श्याम लाल , पूर्व अध्यक्ष गणेश पटेल , पूर्व महासचिव रीटा पटेल, पूर्व परिवार संपर्क प्रमुख प्रेम केसी , प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी , पूर्व कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा व अन्य संस्था के सदस्य चुनाव में खड़े हो सकते हैं ।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005